# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 4038 /अकादमी/संबद्धता/विधि-संकाय/2025 — भोपाल,दिनांक 31-12-2025

प्रति,

TECHNOCRATS INSTITUTE OF LAW
TECHNOCRATS CAMPUS IN FRONT OF HATAIKHEDA
DAM ANAND NAGAR BHOPAL

(College Code– 921)

विषयः– अस्थाई संबद्धता की निरंतरता सत्र 2026-27

महोदय,

विद्यापरिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 29/12/2025 मे की गई अनुशंसा एवं कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 31/12/2025 में अनुमोदन उपरांत आपके महाविद्यालय में संचालित निम्नांकित विधि पाठ्यक्रमों की अस्थाई संबद्धता/निरंतरता बीसीआई के अनुमोदन की प्रत्याशा मे एवं निम्नांकित शर्तो के अध्याधीन प्रदान की जाती है :–

:–

| क्र | विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | **LLB I,II,III Renewal** | 60 | 2026-27 |
| 2 | **BA LLB (H) I,II,III, IV, V Renewal** | 120 | 2026-27 |

**शर्तेः–**

(1) **पूर्व से निरंतरता प्राप्त महाविद्यालय का पुनः औचक निरीक्षण कराया जावेगा, यदि महाविद्यालय विश्वविद्यालय परिनियम 27 एवं बीसीआई मापदण्डों की पूर्ति न करते हुये पाया गया तो सम्बद्धता स्वतः समाप्त मानी जावेगी।**

(2) बिना संबंद्धता/निरन्तरता के किसी छात्र/छात्रा का प्रवेश मान्य नही होगा । उसकी संपूर्ण जवाबदारी महाविद्यालय प्रबंधन की होगी। प्रदत्त अस्थाई संबंद्धता / निरन्तरता करने हेतु आगामी सत्र 2027-28 के लिए विश्वविद्यालय में निर्धारित संबंद्धता शुल्क एवं आवेदन पत्र के साथ नियत दिनांक तक आवेदन करना होगा।

(3) विश्वविद्यालय परिनियम 27,28 तथा परीक्षा अध्यादेश 5,6,7 में दर्शित प्रावधानों का पालन करना महाविद्यालय प्रबन्ध के लिए आवश्यक होगा। किसी भी प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर यह संबंद्धता/निरन्तरता स्वतः ही निरस्त हो जावेगी।

(4) अशासकीय महाविद्यालयों को आगामी संबंद्धता हेतु आवेदन के साथ रू. 100-00 के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप मे जानकारी जिसमें **केन्द्रीय नियामक संस्था बीसीआई, नई दिल्ली.की मान्यता, विश्वविद्यालय से जारी विगत वर्षो के संबंद्धता/निरन्तरता पत्र,** महाविद्यालय की संचालन समिति के पंजीयन दस्तावेज, पार्ट-ए में दर्शित दस्तावेज, जिसमें समिति द्वारा क्रय की गई भूमि की रजिस्ट्री, नगर निगम/नगर पालिका/पंचायत द्वारा अनुमोदित महाविद्यालय का नवशा, खसरा नम्बर, महाविद्यालय का निर्माणाधीन एरिया, बिल्डिंग पूर्ण होने का प्रमाण पत्र, खेल मैदान की जानकारी, खेल मैदान की महाविद्यालय से दूरी एवं उसका सत्यापन, महाविद्यालय में उपलब्ध क्लासरूम की संख्या, उसमें कितने छात्रों को अध्ययन कराया जाता है, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, उपलब्ध फर्नीचर, उपकरण, कम्प्यूटर पुस्तकों की संख्या, महाविद्यालय का फोटोग्राफ जियोटेगिंग सहित, क्लासरुम, प्रयोगशाला पुस्तकालय का फोटोग्राफ, यदि महाविद्यालय का सीान परिवर्त हुआ है संबंधी जानकारी, महाविद्यालय की समिति का पुर्नगठन, शासीनिकाय के कार्यवृत्त संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(5) शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति वि.वि. परिनियम (**College Code**) 28 के तहत छात्रों के अनुपात में पूर्ण कर नियुक्त शिक्षकों की सूची नियुक्तिपत्र, मय ज्वाईनिंग रिपोर्ट मय शिक्षकों का आधार नम्बर, मोबाईल नम्बर, शिक्षकों के बैंक खातों की जानकारी एवं 100/- के शपथ पत्र पर कोड-28 के तहत शिक्षकों का एग्रीमेंट निर्धारित प्रोफार्मा में विश्वविद्यालय में हार्डकापी में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। महाविद्यालय को स्वीकृत सीट संख्या महाविद्यालय में प्रवेशित/अध्ययनरत छात्रों की संख्या एवं सूची तथा रिक्त सीटों की संख्या की जानकारी विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(6) महाविद्यालय को विश्वविद्यालय परिनियम 28 कण्डिका 8(J)के अंतर्गत् समस्त जानकारियाँ महाविद्यालय की वेबसाईट पर भी प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

(7) महाविद्यालय की बेलेन्सशीट, आय-व्यय पत्रक चार्टर्ड अकाउंटेंड से सत्यापित करवा कर प्रस्तुत करना होगा। (अशासकीय महाविद्यालय हेतु)

(8) शासी निकाय का गठन कर नियमित बैठक का आयोजन एवं विवरण तीन माह में वि.वि. को भेजना होगा। (अशासकीय महाविद्यालय हेतु)

(9) संबंधित पाठ्यक्रमों हेतु FDR वि.वि.में जमा करना अनिवार्य होगा।

(10) उक्त शर्तो का पालन नहीं करने पर परिनियम-27 के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

(11) शासकीय महाविद्यालय के लिए :-जन भागीदारी समिति के कार्यवृत्त विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ0क्रमांक 4039 /अकादमी/संबद्धता/विधि संकाय/2025 — भोपाल, दिनांक 31-12-2025

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, उच्चशिक्षा विभाग, संचालनालय सतपुड़ाभवन भोपाल ।
2. सचिव, बार कौंसिल आफ इण्डिया, नईदिल्ली।
2. अवर सचिव उच्च शिक्षाविभाग म.प्र. शासन मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल
3. उप कुलसचिव/गोपनीय/परीक्षा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल ।
4. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक के माध्यम से सूचनार्थ ।
5. वेब साईट प्रभारी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
6. निज नस्ती

सहा.कुलसचिव,अकादमी